## लाठी डंडे से पीट-पीटकर युवक की हत्या करने वाले हत्यारों को गिरफ्तार करने को लेकर रमेश चौक पर परिजनों एवं समर्थकों ने किया सड़क जाम

*** औरंगाबाद के रमेश चौक के समीप युवक के हत्यारों को गिरफ्तार करने के समर्थन में पहुंचेऔरंगाबाद के सांसद सुशील कुमार सिंह एवं लोजपा (रामविलास) के प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्र भूषण कुमार उर्फ सोनू सिह**

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद**

औरंगाबाद( बिहार) युवक को लाठी डंडे से पीट-पीटकर हत्या करने वाले हत्यारों को गिरफ्तार करने को लेकर औरंगाबाद के रमेश चौक के समीप समर्थकों एवं औरंगाबाद के भाजपा सांसद सुशील कुमार सिंह व लोजपा (रामविलास )के प्रदेश संसदीय बोर्ड के उपाध्यक्ष चंद्र भूषण कुमार उर्फ सोनू सिंह ने हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार करने एवं बारुण थानाध्यक्ष को लापरवाही बरतने को लेकर लाइन हाजिर करने की मांग समर्थकों के साथ करते नजर आए . बताते चलें कि बारुण थाना क्षेत्र के टेंगरा नहर के समीप विगत दिन तीन बाइक सवार छह अपराधियों ने एक दुकानदार को लाठी डंडे से पीट-पीटकर बेरहमी से पीटा और घर पर जाकर बवाल मचाया था . बताया जाता है कि उक्त दुकानदार नारी कला खुर्द थाना क्षेत्र के बसडीहा गांव निवासी राजा राम प्रजापति के पुत्र चंदन कुमार था . चंदन कुमार को अपराधियों ने इतना बेरहमी से पीटा था कि स्थानीय चिकित्सक ने विशेष चिकित्सा कराने हेतु रेफर कर दिया था . परिजनों ने चंदन कुमार को विशेष चिकित्सा कराने हेतु पटना लेकर जा ही रहा था कि अचानक चंदन कुमार ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया . परिजनों ने शनिवार के दिन समर्थकों के साथ सुबह से ही आक्रोशित होकर रमेश चौक पर हत्यारों की गिरफ्तार करने एवं



स्थानीय थानाध्यक्ष को लाइन हाजिर करने की मांग करने लगे . इसी दौरान औरंगाबाद के स्थानीय सांसद सुशील कुमार सिंह एवं लोजपा रामविलास संसदीय बोर्ड के प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्र भूषण कुमार उर्फ सोनू सिंह ने भी एंट्री लेते हुए हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे . हालांकि अपर पुलिस अधीक्षक स्वीटी सहरावत ने हत्यारों को गिरफ्तार करते हुए करवाई करने की आश्वासन दिया है .वही बारुण थानाध्यक्ष विरेंद्र कुमार सिंह ने मीडिया द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है .अपराधियों पर कार्रवाई करते हुए शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा . ग्रामीणों की बात सच मानी जाए तो कहना है कि अपराधियों द्वारा जिस प्रकार से चंदन कुमार के साथ मारपीट किया गया . तथा घर पर बवाल मचाया गया. अगर पुलिस तत्परता दिखाते हुए करवाई करती तो अपराधियों का मनोबल सर चढ़कर नहीं बोलता . लोजपा (रामविलास )संसदीय बोर्ड के प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्र भूषण कुमार उर्फ सोनू सिंह ने मीडिया द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि बिहार में जंगलराज कायम हो चुका है . अपराधियों का मनोबल सर चढ़कर बोलने लगा है . लोगों में डर, भय समाप्त हो गया है . इसी का परिणाम है कि दिन के उजाले में ही अपराधी अपराध कर घटना को अंजाम देकर नौ दो ग्यारह हो जा रहे हैं . और पुलिस प्रशासन हाथ पर हाथ देखकर बैठे है . वही नीतीश सरकार पूरी तरह से फेल हो चुका है .

## आगामी 31 मार्च से 5 अप्रैल तक मदनपुर के उमगा पहाड़ पर मां उमंगश्वरी शक्तिपीठ की कृपा व समस्त भक्तजन के सहयोग से शतचंडी महायज्ञ का किया जाएगा आयोजन- बालमुकुंद पाठक

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद**

औरंगाबाद (बिहार) औरंगाबाद जिला स्थित मदनपुर प्रखंड के उमगा पहाड़ पर मां उमंग`श्वरी शक्तिपीठ की कृपा एवं समस्त भक्तजन का सहयोग से आगामी 31 मार्च से 5 अप्रैल तक शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा . उक्त जानकारी मां उमंग`श्वरी शक्तिपीठ मदनपुर उमगा पहाड़ के मुख्य पुजारी पंडित बालमुकुंद पाठक ने मीडिया से मुखातिब होते हुए भेंटवार्ता के दौरान कहीं . उन्होंने आगे कहा कि दिनांक-31 मार्च 2023 दिन (शुक्रवार) को यजमान का संस्कार( दशाविध स्थान), दिनांक-1अप्रैल 23 दिन (शनिवार) को कलश यात्रा, पंचांग पूजन ,मंडप प्रवेश ,अग्नि एवं प्राकाट्य पाठ प्रारंभ .प्रत्येक दिन रात्रि में प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं दिनांक-5 अप्रैल 2023 दिन (बुधवार) यज्ञ पूणार्हुति तथा विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा . उन्होंने कहा कि इस महायज्ञ में सुयोग्य, आचार्य प्रसिद्ध कथा वाचक एवं रासलीला, रामलीला आदि का कार्यक्रम आयोजित की जाएगी . उन्होंने आगे कहा कि अविवाहित कन्याओं का शीघ्र विवाह, पति-पत्नी के सुखमय



जीवन, घर में अशांति से छुटकारा हेतु कलश स्थापना जलयात्रा एवं यज्ञ में भाग लेकर समस्त बाधाओं को दूर करने हेतु पुण्य के भाग्य बनने की अपील जिलावासियों, प्रखंडवासियों एवं समस्त क्षेत्रों के लोगों से किया है . उन्होंने आगे कहा कि भक्ति यदि यज्ञ स्थल का भस्म ,धूल आदि का स्पर्श मात्र कर ले ,तो सभी समस्याओं का समाधान हो जाता है . उन्होंने आगे कहा के जो व्यक्ति प्राकृतिक विपदाओं से निराकरण एवं सुखमय पारिवारिक जीवन यापन हेतु निराकरण चाहता है ,तो दी गई सार्वजनिक मोबाइल नंबर-7903327305, 6299061394, पर संपर्क कर जानकारी किया जा सकता है . उन्होंने कहा कि एकैव शक्ति ,परमेश्वरस्य बहुधा वदंति, व्यवहार काले ' भोग्या भवानी, पुरुषस्य लक्ष्मी , रने च दुर्गा ,प्रलय तू काली '' उन्होंने आगे कहा कि अपार हर्ष साथ जिला वासियों से अपील करते हैं कि शतचंडी महायज्ञ का आयोजन में उपस्थित होकर यज्ञ का लाभ उठाएं . उन्होंने आगे कहा कि श्री उमंग`श्वरी शतचंडी महायज्ञ उमंग`श्वरी भवानी शक्तिपीठ शक्तिपुंज का आश्रम उमगा पहाड़ मदनपुर औरंगाबाद में आयोजित है . ऐसे तो निवेदक माता उमंग`श्वरी के समस्त भक्त गण एवं समस्त पुजारी परिवार, उमंग`श्वरी शक्तिपुंज आश्रम उमगा पहाड़ मदनपुर औरंगाबाद द्वारा भी जिला वासियों से शतचंडी महायज्ञ मे भाग लेने की अपील करते हुए पहल किया जा रहा है .

## पशुओं से प्यार करते हैं किराना दुकान के संचालक! अजीत कुमार सिन्हा

**संवाददाता गजेन्द्र कुमार जिला गया बिहार**

कई वर्षों से बेजुबान जानवरों को भूख मिटाने के लिए अजीत सिन्हा अपने थैले से कुछ ना कुछ निकाल कर खिलाया करते हैं ईसलिए बेजुबान जानवरों गाय और स्ट्रीट डॉग इनकी आवाज को सुनकर दौड़े चले आते हैं और इनके कपड़े में लटक कर बिस्कुट वह खाने की सामग्री अपने इशारों में डिमांड करने लगते हैं तभी अजीत सिन्हा ने इन जानवरों को बिस्कुट खिलाया करते हैं जब किराना दुकान संचालक अजीत सिन्हा से पत्रकार



गजेन्द्र कुमार ने इस विषय पर बात की तो बताया कि मुझे जानवर से बहुत ही प्रेम है और लगाओ भी है इसलिए मैं इनकी दर्दों को अपने ह्रदय से स्मरण करते हुए मैं बिस्कुट खिलाने का कार्य करता हूं मैं इस कार्य से और लोगों को प्रेरेणा देना चाहता हूं कि इस तरह कहीं भी गाय और स्ट्रीट डॉग नजर मिले तो उसे भूख मिटाने के लिए बिस्कुट खिलाने का कार्य करें ताकि इन बेजुबान जानवरों की मृत्यु भूख के कारण से ना हो।

## रफीगंज पथ से 100 लीटर महुआ शराब के साथ मारुति सुजुकी कार हुआ जब्त

**समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार) मध निषेध उत्पाद अधिनियम के तहत चलाए जा रहे विषेश समकालीन अभियान के तहत गोह थाना क्षेत्र के रफीगंज मुख्य मार्ग स्थित तिलन बिगहा मोड़ के समीप रात्रि गस्ती व छापेमारी में शामिल एएसआई बिकाऊ राम व पुलिस बल ने रफीगंज की तरफ से आ रही उजले रंग की मारुति सुजुकी बीआर 26 बी 4748 कार को रुकवाया गया तो पुलिस को देखते ही चालक कार खड़ी कर फरार



हो गया। पुलिस ने उक्त कार की जांच पड़ताल किया तो पाया कि कार की डिक्की में प्लास्टिक के पाउच में बांधकर रखा 100 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि मामले में एएसआई बिकाऊ राम के बयान पर कांड दर्ज किया गया है। जिसमें कार के मालिक एवं चालक को आरोपित किया गया है। अवैध शराब निर्माण, बिक्री व पीने वालों के खिलाफ लगातार छापेमारी की जा रही है।

## आमस के युवक को यूपी में हुई संदेहास्पद मौत,परिजनों में मचा कोहराम

### *युवक यूपी के खरगपुर चीनी मिल में करता था काम*

**दैनिक समाज जागरण धनंजय कुमार यादव संवाददाता आमस**

गया (बिहार):- आमस थाना क्षेत्र के कलवन पंचायत अंतर्गत आजादबीघा गांव के जीतू मांझी के 50 वर्षीय पुत्र फेकू मांझी की उत्तरप्रदेश के खरगपुर कन्नौज में संदेहास्पद मौत हो गयी।परिजनों के मुताबिक फेकू उत्तरप्रदेश में रहकर चीनी फैक्ट्री में काम करता था अचानक उसके परिजनों को सूचना मिलती है कि फेकू की मौत हो गयी है।सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।जिस फैक्टिरी में फेकू काम किया करता था उस फैक्ट्री में आजादबीघा गांव के और साथी भी काम किया करते थे मगर कोई भी मौत का कारण बताने से



परहेज कर रहे हैं अभी तक मौत का कारण पता नही चल पाया है।इधर तीन दिन बाद मृतक के शव गांव पहुंचे ही पूरे गांव में मातम छाया।कलवन पंचायत के पंचायत समिति बाबर अली खान ने मृतक के परिजनों को सांत्वना दिया और कहा कि सरकार की ओर से कोई भी ऐसी योजना आएगी उसका लाभ मृतक के परिजनों को दिया जाएगा उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चल पाएगा।मृतक के शव का दाह संस्कार करवा दिया गया है।

## अंधविश्वास की आड़ में बेरका गांव की एक महिला को डायन का आरोप लगाकर दबंगो के द्वारा किया गया मारपीट

**समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार) अंधविश्वास की आड़ में गोह थाना क्षेत्र के बेरका गांव में एक महिला को डायन का आरोप लगाकर गांव के दबंगों के द्वारा मारपीट व छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर जख्मी महिला आशा देवी ने कुल 8 लोगों के खिलाफ शुक्रवार को गोह थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दिए गए आवेदन में बताया गया है कि मैं अपने घर में पूजा के दौरान आरती मंगल कर रहे थे। उसी वक्त गांव के ही संजय यादव आकर डायन का आरोप लगाकर गंदी-गंदी गालियां देने लगा, जब उसका विरोध किया तो संजय यादव के पत्नी गायत्री देवी सहित 8 लोग आकर मेरे पति



बलिराम यादव, पुत्र सागर कुमार, पुत्री रितिका कुमारी को लाठी डंडे व लोहे के रड से पीट पीटकर घायल कर दिया। साथ ही गलत नियत से संजय यादव ने मेरे कपड़े को फाड़ कर अर्धनग्न कर दिया। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को गोह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। चिकित्सक के इलाज के दौरान बलिराम यादव एवं सागर कुमार की स्थिति ज्यादा खराब होने के कारण मगध मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि मामले में पीड़िता आशा देवी के लिखित आवेदन पर बेरका गांव निवासी संजय यादव, गायत्री देवी, प्रियंका कुमारी, तेजप्रताप यादव, नेहा कुमारी, पुनीत यादव, अभ्यास कुमार तथा पिंकी कुमारी को आरोपित किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## गुरुआ के मंडा पंचायत में जल्द दूर होगा पेयजल संकट

**दैनिक समाज जागरण गुंजन सिंह संवाददाता गुरुआ**

गया ( बिहार ) गुरुआ प्रखंड के मंडा पंचायत के कई गांव में गर्मी की मौसम शुरू होते ही पेयजल संकट गहराने लगी है। पंचायत के ग्रामीणों से इसकी शिकायत मिलते ही मंडा पंचायत के विकास कार्य में डीएम से पुरस्कृत मुखिया संध्या वर्मा एवं भाजपा नेता मंटू कुमार सिंह ने शनिवार को नल-जल योजना की कार्य शुरू करने को लेकर स्थल की निरीक्षण किया है। मुखिया पति मंटू कुमार सिंह ने बताया कि फिलहाल मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना में नल-जल के लिए राशि नही आ रहा है इसलिए पंद्रहवीं एवं षष्ठम वित्त कि राशि से धानाबिगहा, शंकर बिगहा एवं कोईरी बिगहा गांव के पहाड़ी के निकट महादलित टोले में नल-जल योजना का शुभारंभ करने के लिए प्राक्कलन तैयार हो गया है। अब तीनों गांव में एक सप्ताह के अंदर बोरिंग करवाने की कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इससे पहले मंडा पंचायत में खराब पड़े सभी चापाकल की मरम्मत कार्य शुरू कर दी गई है।

## हसपुरा में जलभरी को ले निकाली गई कलशयात्रा, वातावरण हुआ भक्तिमय

**दैनिक समाज जागरण ,प्रेम कुमार ,प्रखंड संवादाता ,हसपुरा**

औरंगाबाद (बिहार) प्रखंड के बखित्यारपुर गांव में शनिवार को नवनिर्मित शिव मंदिर में शिवलिंग प्राणप्रतिष्ठा को लेकर जलभरी की कलशयात्रा निकाली गई। सभी श्रद्धालु हर हर महादेव के उद्घोष के साथ कलश में जलारोहण के लिए देवहरा पुन पुन नदी पहुंचे। हर हर महादेव के नारा से वातावरण भक्तिमय हो गया।जहां पुनपुन नदी के देवहरा घाट से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आचार्य पंडित अखिलानंद मिश्रा ने श्रद्धालुओं को कलश में जलारोहण कराया। उन्होंने कहा



सनातन धर्म में मंदिर का निर्माण कराया जाना काफी फलदायक है। इससे सुख शांति के साथ वैभव यजमान को मिलेगा। रिटायर्ड शिक्षक हरि प्रसाद सिंह, श्रीमती शांति देवी, रंधीर कुमार पटेल, रूणजय कुमार हैं। जलभरी की कलशयात्रा में शामिल जदयू प्रखंड अध्यक्ष अरुण प्रसाद सिंह ,जयनंदन प्रजापति, रामप्रवेश पासवान, राजेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र सिंह, रामचंद्र सिंह,निरंजन कुमार,शनि कुमार ने देवों के देव महादेव हैं।इनकी महिमा अपरम्पार है। मंदिर में शिवलिंग की स्थापना होते पूजा अर्चना शुरू हो जायेगा। 12 रविवार को शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा होगी।

## हसपुरा में एपीएल क्रिकेट टूनार्मेट कप पर डब्लु डायनामाइट की टीम जमाया कब्जा

**दैनिक समाज जागरण ,प्रेम कुमार ,प्रखंड संवादाता ,हसपुरा**

औरंगाबाद (बिहार) प्रखंड के अमझरशरीफ स्थित दादा सैयदना साहब मजार के समीप उतरी खेल मैदान में सैयदुल हिन्द स्पोर्ट्स क्लब अमझरशरीफ की ओर से एपीएल क्रिकेट टूनार्मेंट कप मैच का आयोजन किया गया। जिसमें फाइनल मुकाबला डब्लु डायनामाइट टीम एवं सैयदुल हिन्द सुपर किंग्स टीम अमझरशरीफ के बीच खेला गया। खिलाड़ियों से जिला परिषद प्रतिनिधि मो एकलाख खां,मोइज परवेज, मास्टर अशरफ ने परिचय प्राप्त किया।इस दौरान जिप सदस्या चंदा परवीन , प्रतिनिधि मो.एकलाख खां ने कहा खेल हमें आपसी भाईचारा व सौहार्द बढ़ाता है। खिलाड़ियों के बीच जाति धर्म नहीं होता है। अपनी प्रतिभा से खेलप्रेमियों को दिल जितते हैं। टांस जिताकर डब्लु डायनामाइट की टीम निर्धारित 15 ओवर में 227 रन का स्कोर खड़ा किया। जिसमें फराज कमर ने 132 रन का योगदान दिया। जबाबी पारी खेलने उतरी सैयदुल हिन्द सुपर किंग्स की टीम ने 10 ओवर में महज 130 रन पर ही सिमट गई। जहां 98 रन से डब्लु डायनामाइट की टीम जीत गया। पुरे मैच में सबसे बेहतर खेलने का खिताब दिलशाद आलम व फराज कमर को दिया गया। अम्पायर की भूमिका मो.आमीर व मेराज हुसैन ने निभाई। स्कोरिंग मो.अताउल्लाह ने की। जबकि खेलप्रेमियों को कमेंट्री इंजमाम ने सुनाया। आयोजन समिति के उप सेक्रेटरी मो.तनवीर हुसैन, अरमान अंसारी ने मैच के सफल आयोजन पर आगुंतकों व खेलप्रेमियों के प्रशंन्नता जताया है।

## आगामी 16 मार्च को महासंघ( गोप- गुट) को पुरानी पेंशन योजना लागू करने सहित अन्य मांगों का एनएमओपीएस के प्रदेश अध्यक्ष ने किया समर्थन

*** प्रदेश अध्यक्ष वरुण पांडेय ने पेंशन विहीन कर्मचारियों को राज्य स्तरीय प्रदर्शन में भाग लेने का किया अपील**

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद**

पटना (बिहार) एनएमओपीएस (पुरानी पेंशन बहाली हेतु प्रतिबद्ध राष्ट्रीय संस्था) बिहार ने दिनांक 16.03.2023 को बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (गोप गुट), पटना के द्वारा पुरानी पेंशन योजना लागू करने सहित अन्य माँगों के समर्थन में घोषित राज्यस्तरीय प्रदर्शन का समर्थन किया हैं। प्रदेश



अध्यक्ष वरुण पाण्डेय ने बिहार के सभी पेंशनविहीन साथियों से अपील किया है कि गर्दनीबाग, पटना धरना स्थल पर आयोजित उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित करें .

## गया संग्रहालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर किया गया कार्यक्रम का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद**

गया (मगध बिहार ) गया संग्रहालय परिसर में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर समारोह का आयोजन किया गया है।जिसका विधिवत तरीके से उपस्थित जिलाधिकारी गया के धर्मपत्नी नेहा,डीडीसी गया धर्मपत्नी विनोद दुहन, नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा ,उप विकास आयुक्त धर्मपत्नी डा शिल्पी,डा मधुबाला के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया. वही कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, आइसीडीएस के द्वारा किया गया है।इस अवसर पर नालंदा कला



केंद्र के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति किया गया . महिला दिवस समारोह के आयोजन की आवश्यकता व महिलाओं के उत्थान हेतु किये जा रहे कार्यों पर विस्तार पूर्वक पर चर्चा किया गया. इसके साथ ही यह भी कहा कि महिलाओं की उन्नति और विकास पूर्णरूपेण तभी होगा ,जब महिलाओं के लिए विशेष रूप से दिवस आयोजित करने एवं उनके महत्व को बताने की आवश्यकता न पड़े।इस अवसर पर नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा ने कहा कि महिलाओं के उत्थान और समृद्धि के लिए महिला दिवस का है, महिला किसी काम में किसी से कम नहीं है महिला अपने दम पर हर क्षेत्र पर पर्चम लहरा रही है .उन्होंने दिवस समारोह पर जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया।इस क्रम में उपविकास आयुक्त गया के द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं की आबादी लगभग पूरी आबादी का 50% है .और समाज के विकास के लिए इन आधी आबादी का विकास अनिवार्य है.सरकार द्वारा चलाई जा रहीं सभी योजनाओं का लाभ मिले ताकि महिलाओं के विकास के मार्ग में आ रही बाधाओं को कम किया जा सके . नेहा ने अपने संबोधन में महिलाओं से हुई मुलाकात पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें खुद के लिए समय निकलने और उनके आसपास की अन्य महिलाओं के लिए तहेदिल से सकारात्मक कार्य करने की अपील किया। ।इस कार्यक्रम में नारी तू नारायणी, बिहार गौरव गान और बालिका जन्मोत्सव की प्रस्तुति ने समा बांधा।बिहार गौरव प्रस्तुति में बिहार के गौरव गाथा को नृत्य के रूप प्रस्तुत किया गया है ।बेटी जन्मोत्सव की शानदार प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध किया गया है।इस कार्यक्रम में कई प्रखण्डों से बाल विकास परियोजना पदाधिकारी,महिला पर्यवेक्षिकाएं, प्रखण्ड समन्वयक,आंगनवाड़ी सेविकाएँ, आशा, जीविका दीदियाँ, स्कूली छात्राएं, शिक्षिका और अन्य महिलाएं भी उपस्थित रहीं।गया जिले में मैट्रिक व इंटर की टॉप 3 की छात्राओं को मंच पर सम्मानित किया गया है। इसके साथ ही जिलान्तर्गत घरेलू हिंसा,दहेज व बाल विवाह के विरुद्ध आवाज उठनेवाली उन महिलाओं को भी सम्मानित किया गया है। जिन्होने इन कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाकर जिले का मान सम्मान बढ़ाया है। इसके साथ हीं जिले के उन पदाधिकारियों को शुभकामना संदेश देकर प्रेरित किया गया कि महिलाओं के विकास के लिए विभागीय कार्यो में वे अपना और बेहतर योगदान दें ।उन पदाधिकारियों में नगर आयुक्त गया,उपविकास आयुक्त,सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, अमृता ओशो, वरीय उपसमाहर्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी,जिला कार्यक्रम प्रबंधक जीविका व स्वास्थ्य, जिला परियोजना प्रबंधक डब्लू डी सी ,केन्द्र प्रशासक आरती एवं सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी उपस्थित थे जिन्हें जिला पदाधिकारी की ओर से सम्मान पत्र प्रदान किया गया है।इस कार्यक्रम में महिला विषय पर विशेष वक्ता के रूप में डॉ. मधुबाला ने कई तथ्यात्मक बातें अपने संबोधन के दौरान कहीं। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा इस अवसर पर शुभकामना संदेश प्रदान किया गया है।

## खतरी बिगहा मोड़ के पास अनियंत्रित होकर पलटी ऑटो, 5 लोग जख्मी, तीन रेफर

**दैनिक समाज जागरण धनंजय कुमार यादव संवाददाता मदनपुर**

औरंगाबाद(बिहार) :- शनिवार को एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलटी खा गई इस घटना में ऑटो पर सवार पांच लोग जख्मी हो गए घटना औरंगाबाद जिले के मदनपुर प्रखंड के सलैया थाना क्षेत्र के खतरी बिगहा मोड़ के पास की है।जख्मी सभी लोगों को स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने तीन लोगों को प्राथमिक उपचार कर अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज गया के लिए रेफर कर दिया है जख्मियों में गया जिले के एरकी भीखनपुर गांव निवासी 45 वर्षीय दुखन मांझी एवं उसकी पत्नी काली देवी, पच्चमा गांव निवासी 35 वर्षीय रामप्रवेश मांझी और सलेमपुर गांव निवासी 36 वर्षीय जेठू मांझी शामिल है उक्त सभी सलैया में स्थित जेएमडी



ईट भट्टा में मजदूरी का कार्य करते है तथा एक सलैया थाना क्षेत्र के अररूआ निवासी पूजन भुइयां के 60 वर्षीय पत्नी फूलमती देवी शामिल है जानकारी के अनुसार जख्मी सभी लोग ऑटो से खिरियावां बाजार राशन की खरीदारी करने आ रहे थे तभी यह हादसा हुआ।इधर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में जख्मी हुए पांच लोग आए थे जिसमे दुखन मांझी,रामप्रवेश मांझी और फुलमतिया देवी को प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है

## हिस्सा बटवारा को लेकर हुई मारपीट, एक जख्मी

**दैनिक समाज जागरण धनंजय कुमार यादव संवाददाता मदनपुर**

औरंगाबाद(बिहार):- जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र शिवनाथ बिगहा गांव में हिस्सा बटवारा को लेकर हुई मारपीट में एक व्यक्ति जख्मी हो गया जिसे इलाज हेतु मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है जहां चिकित्सकों के द्वारा उपचार किया गया। जख्मी 38 वर्षीय पवन कुमार शिवनाथ बिगहा निवासी अशोक सिंह के बेटा है जख्मी पवन कुमार ने अपने पिता और भाई पर ही हिस्सा बटवारा को लेकर मारपीट करने का आरोप लगाया है उन्होंने बताया वर्ष 2015 में पिता जी के मर्जी से अरेंज मैरेज शादी हुआ था तब से हमे और पत्नी को घर में नहीं रहने दे रहे है जिसके बाद हमलोग बोकारो रहते थे शनिवार को गांव के सरपंच और ग्रामीणों के सहयोग समझौता रखा गया तभी एक भाई चंदन कुमार और पिता अशोक सिंह ने मारपीट किया और घर से भगा दिया गया। जिसकी सूचना स्थानीय थाना को भी दिया हूं।

## गया के जिला पदाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन एस एम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोक शिकायत निवारण का द्वितीय अपील का किया सुनवाई

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद**

गया( बिहार ) जिला पदाधिकारी, गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोक शिकायत निवारण अधिनियम 2015 का द्वितीय अपील मामलों की सुनवाई किया .कलावती देवी, आमस द्वारा कहा गया कि इंदिरा आवास योजना का लाभ नहीं दिए जाने के संबंध में शिकायत दर्ज किया गया था। आज सुनवाई में बीडीओ, आमस द्वारा कहा गया कि आवेदक इंदिरा आवास के लिए योग्य हैं, परंतु तत्कालीन आवास सहायक द्वारा आवेदक को इंदिरा आवास का लाभ नहीं दिया गया है। इस संबंध में जिलाधिकारी ने बीडीओ को आवास सहायक को चिन्हित कर कारवाई हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कर उप विकास आयुक्त को भेजने हेतु निर्देशित किया .भीम राम, गुरारू ने कहा कि भूमि विक्रेता द्वारा भूमि की रजिस्ट्री कराने हेतु अग्रिम राशि की मांग की गई थी। परंतु रजिस्ट्री के समय ज्ञात हुआ कि उक्त भूमि रेलवे परियोजना में चले जाने के कारण रजिस्ट्री नही हो सकती है। तत्पश्चात भूमि विक्रेता से



दिए गए अग्रिम राशि को वापस मांगे जाने पर टाल मटोल किया जा रहा है, जिसपर आवेदक द्वारा गुरारू थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया परंतु थानाध्यक्ष द्वारा प्राथमिकी दर्ज नहीं क्रिया जा रहा है। सुनवाई में जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष को आवेदक के आवेदन के आधार पर संबंधित प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया .कैलाश यादव, वजीरगंज द्वारा कहा गया है कि सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण के संबध में शिकायत दर्ज की गई थी, जिसमे जिलाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी को अतिक्रमण 15 दिनों में हटाने का निर्देश दिया गया .

## एससी एसटी मामले में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) अम्बा थाने की पुलिस ने शनिवार की दोपहर एससी एसटी कांड संख्या 297/ 22 के अभियुक्त सरोज यादव को गिरफ्तार किया। यह कार्यवाही एसआई सिमरन राज ने की। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से वह फरार चल रहा था। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर जौंड़ा गांव स्थित उसके घर से अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

## स्कूल से चोरी 17 बोरा चावल बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) प्रखंड क्षेत्र के राजकीयकृत मध्य विद्यालय तेतराइन से चोरी की गई स्कूल की 17 बोरा चावल हठील परसावां गांव से बरामद की गई। मध्य विद्यालय तेतराइन के प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार ने सिमरा थाने में चावल के चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के 6 घंटे बाद ही रामानंद साह ने अभियुक्त पवन कुमार को गिरफ्तार कर लिया तथा अन्य तीन नाबालिग लड़कों से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि युवकों ने स्टोर रूम की कुंडी तोड़कर चावल निकाल लिया और हठील परसावां स्थित पवन कुमार के घर में छुपा दिया था। उसके बाद दो बाइक पर चार बोरा चावल लादकर सिमरा बाजार में बेचने जा रहे थे उसी क्रम में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

# ब्राह्मणों को जिला अध्यक्ष का झुनझुना थमाने से नहीं बल्कि लोकसभा,विधानसभा, राज्यसभा व विधान परिषद में भाजपा सुनिश्चित करें भागीदारी: संजीव मिश्रा

**समाज जागरण अररिया/डा. रूद्र किंकर वर्मा।**
बिहार भाजपा ने पिछले दिनों अपने 45 सांगठिनक जिलाध्यक्षों की सूची जारी की है। 2024 के लोकसभा चुनाव और 2025 के विधानसभा चुनाव को फोकस करके ही भाजपा द्वारा यह सूची बनायी गयी होगी।
उक्त बात विजय बंदना मैरेज हॉल में भाजपा द्वारा जारी की गई जिलाध्यक्षों की सूची पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए वरीय समाजसेवी सह राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक पंडित संजीव मिश्रा ने कही। प्रेस वार्ता के दौरान श्री मिश्रा ने कहा कि ब्राह्मणों को जिला अध्यक्ष का झुनझुना थमाने से नहीं बल्कि लोकसभा,विधानसभा, राज्यसभा व विधान परिषद में भाजपा सुनिश्चित करें भागीदारी।
हमारा समाज एक जुट है। सिर्फ अध्यक्ष का लोभ देने से काम नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि दरअसल, बिहार में भाजपा पिछड़े व अतिपिछड़े वर्ग के मतदाताओं को अपने पक्ष करने की कोशिश में जुटी है। अब तक गठबंधन के भरोसे उनका यह काम होता रहा है, लेकिन अब भाजपा को समझ में आ गया है कि पिछड़े/अतिपिछड़े को बिना संगठन में भागीदारी दिये उनका काम बिहार में नहीं बनने वाला है। हालांकि, इतने से उनका काम नहीं बनेगा, क्योंकि अब भी बिहार में भाजपा के पास पिछड़े/अतिपिछड़े वर्ग से आने वाले उपयुक्त चेहरे नहीं हैं। साथ ही बिहार में पिछड़ों में सर्वाधिक आबादी वाली यादव मतदाताओं को लेकर भाजपा समझ चुकी है कि लालू प्रसाद यादव के रहते वह वोट उनके पाले में नहीं जाने वाला है।
यही वजह है कि अब भी भाजपा के 45 जिला अध्यक्षों में 23 सवर्ण ही हैं। वहीं 6 उनके कोर समर्थक वैश्य वर्ग से हैं। भाजपा के लिए सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि बाकी के बचे 16 जिलाध्यक्षों में मात्र एक



दलित हैं। इस संख्या को भाजपा को और बढ़ाना होगा। वैसे लगता है कि दलितों के वोट के लिए भाजपा पूरी तरह से चिराग पासवान पर डिपेंड रहने के मूड में है। हो सकता है कि चुनाव तक जीतनराम मांझी भी भाजपा के साथ हों।

सबसे दिलचस्प यह है कि जिस कुशवाहा बिरादरी को भाजपा ने कभी विधानसभा चुनाव में पांच से अधिक सीटें नहीं दीं, उस कुशवाहा बिरादरी से इस बार पांच जिलाध्यक्ष बनाये गये हैं। इसके पीछे भी भाजपा की रणनीति बड़ी महीन है, क्योंकि कुशवाहा जाति की आबादी बिहार में पिछड़े वर्ग में यादवों के बाद सबसे ज्यादा मानी जाती है। भाजपा ने इस बात को ध्यान में रख उस बेगूसराय में अपना जिलाध्यक्ष कुशवाहा समाज के राजीव कुमार वर्मा को बनाया है, जहां अब तक भाजपा का कोई पिछड़ा जिलाध्यक्ष नहीं रहा है। यह कदम सकारात्मक तो है, लेकिन पिछड़ों/अतिपिछड़े का वोट लेने के लिए भाजपा को सिर्फ संगठन में भागीदारी नहीं, बल्कि टिकट में भी समुचित भागीदारी देनी होगी।

बिहार में भाजपा के जिला अध्यक्षों की जाति

ब्राह्मण
1. मधुबनी : शंकर झा
2. अररिया : आदित्य नारायण झा
3. बांका : ब्रजेश मिश्र
4. गोपालगंज : संदीप गिरि
5. बगहा : भूपेंद्रनाथ तिवारी
6. ढाका : राजेश तिवारी
7. सीवान : संजय पांडे
8. अरवल : धर्मेंद्र तिवारी
9. झंझापुर : ऋषिकेश राघव

भूमिहार
1. मुजफ्फरपुर : रंजन कुमार शाही
2. गया : प्रेम कुमार शर्मा
3. लखीसराय : दीपक कुमार सिंह
4. नालंदा : इंजीनियर रविशंकर प्रसाद
5. छपरा : रंजीत सिंह
6. रक्सौल : अशोक कुमार पांडेय
7. पटना ग्रामीण : धर्मेंद्र कुमार

*अति पिछड़ा
1. कटिहार : मनोज राय (धानुक)
2. नौगछिया : मुक्तिनाथ सिंह निषाद
3. शेखपुरा : सुधीर कुमार बिंद
4. दरभंगा : जीवच्छ सहनी

5. रोहतास : सुशील कुमार (चंद्रवंशी)
6. पटना शहरी : अभिषेक कुमार (चंद्रवंशी)
7. औरंगाबाद : मुकेश शर्मा (विश्वकर्मा)

वैश्य
1. भागलपुर : संतोष सहा
2. मुंगेर : अरुण पोद्दार
3. कैमूर : मनोज जायसवाल
4. सीतामढ़ी : मनीष गुप्ता
5. खगड़िया : शत्रुध्न भगत
6. भोजपुर : दुर्गा राज (कानू-अतिपिछड़ा)

राजपूत
1. बक्सर : विजय कुमार सिंह
2. बाढ़ : अरुण कुमार
3. शिवहर : नीरज कुमार सिंह
4. जमुई : कन्हैया कुमार सिंह
5. सहरसा : दिवाकर सिंह

कुशवाहा/कोईरी
1. बेगूसराय : राजीव कुमार वर्मा
2. नवादा : अनिल मेहता
3. वैशाली : प्रेम सिंह कुशवाहा
4. समस्तीपुर : उपेंद्र सिंह
5. जहानाबाद : अजय देव (दांगी)

कायस्थ
1. बेतिया : रूपक श्रीवास्तव
2. मोतिहारी : प्रकाश अस्थाना

यादव
1. किशनगंज : सुशांत गोप
2. मधेपुरा : दीपक कुमार

*कुर्मी
1. पूर्णिया : राकेश कुमार

दलित
1. सुपौल : नरेंद्र ऋषिदेव।

# डॉ.आलोक राज ने महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति बिहार को लिखा खत

## *बिहार के सभी विश्वविद्यालय को भ्रष्टाचार के दलदल से बचाने की लगाई गुहार*

**समाज जागरण पूर्णियां।**
जिला आर जे डी के प्रवक्ता शिक्षा विद डॉ.आलोक राज ने महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति बिहार को पत्र लिखकर कहा कि महामहिम
आपके पास एक अतिरिक्त संवैधानिक पद है कुलाधिपति' जिसकी जिम्मेदारी बिहार के उच्च शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ करने की है। आपके आने से बिहार के लोगों में आशा एवं उम्मीद जगी है कि बिहार की उच्च शिक्षा व्यवस्था सुदृढ होगी। श्रीमान् आप भी लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के मार्फत से वाकिफ होंगे की बिहार के पहले के कुलाधिपति ने किस तरह पद के गरिमा को तार-तार कर कर रख दिया है। बिहार के विश्वविद्यालय को पढ़ाई के जगह कमाई का केन्द्र बना दिया है। श्रीमान जाते- जाते भी पद के गरिमा को तार तार करते हुए एक कुलपति, एक प्रतिकुलपति एवं सात कुलसचिव की नियुक्ति गलत तरीके से कर-कर चले गए हैं। नियुक्ति में नियम एवं कानून की धज्जियाँ उड़ाई गई है। यहां तक की इस नियुक्ति में ऐसे व्यक्तियों की भी नियुक्ति की गई है, जिस पर कि निगरानी में मामला चल रहा है। श्रीमान् बिहार के अधिकतर वि.वि. में भ्रष्टाचार के आरोपी ही कुलपति एवं कुलसचिव के पद पर शुशोभित मिलेंगे अगर श्रीमान् ईमानदारी पूर्वक जाँच कराई जाए एवं की जाए तो बिहार के वि. वि. के अधिकांश पदाधिकारी भ्रष्टाचार के आरोप में सलाखो के पीछे चले जाएंगे।
बिहार के वि.वि. में हुए नियुक्ति की जांच हेतु एक जांच कमिटी बनाई जाए एवं कुलाधिपति जैसे गरीमामय पद की गरिमा को जो तार-तार किया गया है। इस गरिमा को बचाने की वीरा श्रीमान् की है। व्यक्ति तो पद पर आते जाते रहते हैं श्रीमान् लेकिन पद की गरिमा समाप्त होने के बाद पुनः इस पद की गरिमा को आप जैसे निष्ठावान एवं ईमानदार व्यक्ति हीं हामिल करा सकते हैं। आशा एवं विश्वास है कि आपके जाने से पुनः कुलाधिपति जैसे गरिमामय पद की गरिमा वापस आएगी एवं विश्वविद्यालय पढ़ाई का केन्द्र बन पाएगा। उच्च शिक्षा में पूरी दूनियों में बिहार अपना नाम रोशन करेगा। यह आशा एवं उम्मीद बिहार की जनता को आप से है कि बिहार की उच्च



शिक्षा व्यवस्था की आप सुदृढ कर देंगें एवं बिहार के लोगों को उच्च शिक्षा व्यवस्था के लिए निराश नहीं होने देंगे। श्रीमान् बिहार के सभी विश्वविद्यालय के साथ साथ पूर्णियाँ विश्वविद्यालय पूर्णियाँ भी भ्रष्टाचार के दल दल से नहीं बच पाया है। इस वि.वि ने तो भ्रष्टाचार करने का नया नया कृतिमान स्थापित किया है जिस बात का खुलासा लोक आयुक्त के विजिलेंस ने भी अपने रिपॉट में किया है। लोक आयुक्त के विजिलेंस ने अपने रिपॉट में इस बात की जिक्र किया है कि पूर्णियाँ विश्वविद्यालय में काफी वित्तीय अनिमितता कि गई है। इसके बाद लोक आयुक्त बिहार ने पूर्णियाँ वि. वि पूर्णिया में ऑडिट कराने का आदेश राज्य सरकार को दिया। आदेश के आलोक में ओडिट करने के लिए एक टीम पूर्णियाँ वि.वि. पूर्णियाँ पहुंची भी लेकिन वि.वि. प्रशान ने ऑडिट टीम का सहियोग नहीं किया और पूर्णियाँ वि. वि. पूर्णियों का ऑडिट का कार्य आज तक पूर्ण नहीं हो पाया है। श्रीमान् पूर्णियाँ वि. वि. पूर्णियां बिहार वि. वि. अधिनियम से नहीं चल कर कुलपति के मन मर्जी के अधिनियम से चलता रहा है। श्रीमान् यह जान कर आश्चर्य चकित होंगे कि बिना कुलाधिपति के अनुमोदन के ही पूर्णियाँ वि.वि. पूर्णियों में पदाधिकारी की नियुक्त करने की परंपरा सी बन गई है। आश्चर्य की बात यह है कि कुलसचिव एवं वित्तीय पदाधिकारी जैसे पद पर भी वि. वि. के कुलपति के द्वारा मन चाहे व्यक्ति को नियुक्ति कर उनसे वित्तिय कार्य कराई गई है और जब मन चाहा अपने सुविधा के हिसाब से कुलपति ने अपने मन चाहे व्यक्ति को कुलसचिव/वित्त पदाधिकारी जैसे पद पर नियुक्त कर अवैध वित्तीय निकामी को अंजाम दिया है।
श्रीमान् पूर्णियाँ वि. वि. पूर्णियों में तो भ्रष्टाचार का अखाड़ा बना है और भ्रष्टाचारियो ने पूर्णियाँ वि. वि. पूर्णियों के कोष को लुटने का काम किया है। श्रीमान् के कार्य शैली से आशा एवं उम्मीद जगी है की हर हाल में भ्रष्टाचारियों पर कारवाई की जाएगी। पूर्णियाँ वि. वि. पूर्णियों के साथ ही साथ कई वि. वि.. में हुए भ्रष्टाचार की पुक्ता सबुत मेरे पास है। श्रीमान् मुझे मिलने के लिए समय दिया जाए जिससे की मैं भ्रष्टाचार का सबुत श्रीमान् के समक्ष प्रस्तुत कर सकू। बिहार का वि. वि. जो पढ़ाई के जगह कमाई का केन्द्र बन गया है इसे श्रीमान् के द्वारा सफलता पूर्वक पुनः पढाई का केन्द्र बना दिया जाता है तो इसके लिए श्रीमान् का पूरी बिहार का जनता सदा आभारी रहेगा । इस बात की जानकारी मिली है कि श्रीमान् पूर्णियाँ वि. वि. पूर्णिया में 18.03.2023 को होने वाले सीनेट की बैठक में स्वयं उपस्थित हो रहे है। यह सम्पूर्ण सीमांचल वासियों के लिए एक शौभाग का दिन है कि श्रीमान् का पदार्पण सीमांचल में हो रही है। पूरा सीमांचलवासी श्रीमान् का स्वस्थ रहने की कामना करती है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एसडीएम ग्रुप ने दलित महिलाओं के बीच बांटी मिठाई व वस्त्र

**समाज जागरण अररिया।**
एसडीएम नामक स्वयंसेवी संस्था के निदेशक संजय मिश्रा अररिया प्रखंड के मदनपुर बाजार स्थित दलित परिवार के मल्लिक बस्ती में जाकर जाना हाल-चाल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को सम्मानित किया ।
बता दें कि एक तरह लोग खुद की जिंदगी जीने तथा आयशोआराम के लिए लगातार भाग दौड़ की दुनिया में संघर्षरत हैं वहीं अररिया जिले के एक शख्स गरीबी, लाचारी, शिक्षा, आपदा, बेवशी के विरुद्ध खुद को समर्पित कर चुके हैं। कोई खास दिवस पर ना केवल खुद को आनंद लेते हैं बल्कि वैसे लोगों के बीच जाकर पर्व त्यौहार या खास दिवस मनाते हैं जहां लोग पैसे के आभव व लाचारी के कारण अपनी त्यौहारों का आनंद को आभाव के कारण मनमसोस कर रह जाते हैं। जी हां यह हैं अररिया जिले के एसडीएम ग्रुप के निदेशक सह वरिष्ठ समाजिक कार्यकर्ता संजय कुमार मिश्रा। जो सिर्फ खुद के लिए ना बल्कि दुसरों के खुशी में अपनी खुशी महसूस करते हैं। इधर कुछ दिनों से एसडीएम ग्रुप के निदेशक संजय कुमार मिश्रा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस व होली के मौके पर क्षेत्र के विभिन्न दलित महादलित बस्ती में जाकर लोगों का हाल चाल जाना बल्कि लोगों के



दुख दर्द में शामिल होकर त्यौहारों का आनंद उठाया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अररिया प्रखंड के मदनपुर बाजार के समीप स्थित दलित बस्ती में पहुंचकर लोगों के आंनद का लुफ्त उठाया तथा आंगन आंगन घूमकर मिठाइयां व वस्त्र बांटकर मानवता का मिशाल कायम किया। वहीं लोगों ने एसडीएम ग्रुप के निदेशक के इस नैतिक जिम्मेदारी व दरियादिली का स्वागत करते हुए रंग गुलाल लगाकर भरपूर खुशियों का इजहार किया। महिला दिवस पर महिलाओं ने बताया कि संजय मिश्रा पहला शख्स है जिसने जात पात ऊंच नीच की दीवार को दौड़कर समाज को एक सूत्र में बांधने का काम किया है। महिलाओं ने मिश्रा जी के इस सामाजिक कार्य की सराहना की। जबकि एसडीएम ग्रुप के संस्थापक संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि कमजोर वर्ग दलित महादलित परिवार व अन्य पिछड़ा परिवार तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवरों को शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल के प्रति जागरूक करना तथा अग्निपीड़ित परिवारों के बीच तत्क्षण पहुंचकर आर्थिक व अंगवस्त्र, सूखा राशन आदि मुहैया कराना पहली प्राथमिकता में शामिल हैं। त्यौहारों में कमजोर बस्तियों को चिंहित कर एक साथ पर्व त्यौहार का आनंद लेना एसडीएम ग्रुप की संस्कार में शामिल है। एसडीएम ग्रुप के द्वारा किए जा रहे इस तरह के सामाजिक कार्य लोगों द्वारा सराहा जा रहा है।

# एम.एम.एच. कॉलेज और पर्यावरण संस्था कीआड करेंगे मिलकर काम

## *एम.ओ.यू. पर प्रो. पियूष चौहान एव रिसर्चर डॉ विजय विश्वास ने किया हस्ताक्षर :डॉ.राकेश राणा*

**समाज जागरण गाजियाबाद ।**
महानंद मिशन हरिजन कॉलेज गाजियाबाद एवं शिक्षा, पर्यावरण एवं वन्य जीव संरक्षण के क्षेत्र मे काम करने वाली संस्था कोटा एक्सपर्टस एनवायरनमेंट इम्पैक्ट एक्सेसमेंट डिवीजन (के.ई.ई. आई .ए. डी.)के बीच मे समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) हस्ताक्षर किया गया। इस एम.ओ.यू. पर कॉलेज की तरफ से प्रधानाचार्य प्रोफेसर पियूष चौहान एव संस्था की तरफ से प्रिंसिपल रिसर्चर डॉ विजय विश्वास ने हस्ताक्षर किए तथा गवाह के रूप मे कालिज के समाज शास्त्र विभाग के शिक्षक डॉ राकेश राणा ने हस्ताक्षर किए।
कॉलेज के प्राध्यापक डॉ राकेश राणा ने बताया कि दोनों संगठनों ने इस समझौता ज्ञापन में वर्णित,पर्यावरण, शिक्षा, अनुसन्धान और सतत विकास पर छात्रों के लिए प्रशिक्षण और अनुसंधान संबंधी गतिविधियों पर सहयोग के क्षेत्रों पर सहमति व्यक्त की है तथा दोनों संगठन पर्यावरण, वन्य जीव संरक्षण और प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन शमन, वायु प्रदूषण नियंत्रण, अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छ ऊर्जा और टिकाऊ कृषि जैसे पर्यावरण के क्षेत्रों में अनुसंधान, जन जागरूकता और संवर्धन के लिए साझेदारी स्थापित करने पर सहमत हैं।
कीआड, 2012 में पंजाब में पंजीकृत एक गैर-सरकारी राष्ट्रीय संगठन कोटा एक्सपर्टस एजुकेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड का साइंटिफिक रिसर्च विंग है, जो मुख्य रूप से पर्यावरण, वन्य जीव, अद्रभूमि,पक्षी संरक्षण और उन्नय अनुसंधान और जन जागरूकता तथा वायु प्रदूषण प्रबंधन, जल



सरक्षण, जलवायु परिवर्तन, हरित ऊर्जा, अपशिष्ट पदार्थ प्रबंधन, वृक्षारोपण, सतत विकास, के क्षेत्र में कार्य कर रही है.
कीआड के प्रिंसिपल रिसर्चर डॉ विजय विश्वास ने कहा कि दोनों संगठनों का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण सुरक्षा और सतत विकास लक्ष्यों के लिए अनुसंधान गतिविधियां और तकनीकी नवाचार, तथा छात्र-छात्रों, शोधकताओं, संकायों और आम जनता के बीच पर्यावरण व वन्य जीव सरक्षण के बारे में व्यापक जागरूकता पैदा करना; जमीनी कार्य के साथ पर्यावरणीय चिंताओं के विषयों पर राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन, संगोष्ठिया, सेमिनार, कार्यशालाएँ, प्रशिक्षण, बैठक आदि जैसे विभिन्न शैक्षणिक और वैज्ञानिक गतिविधियों को आयोजित करना होगा। वर्तमान मे जलवायु परिवर्तन, वैश्विक तपन, वायु प्रदूषण, पानी की कमी, इलेक्ट्रॉनिक कचरा जैसी वैश्विक समस्या अहमारे सामने है जिसके लिए सरकारी, गैर सरकारी संस्था एव शैक्षिक केंद्रों को मिलकर काम करना होगा।
महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर पियूष चौहान ने इस हस्ताक्षर ज्ञापन पर बहुत खुशी व्यक्त की और उन्होंने कहा कि यह समझोंता एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे हमारे छात्र-छात्रों को दुनिया के पर्यावरणीय मूददों की जानकारी होगी और जमीन पर कुछ कार्य करने का मौका भी मिलेगा। हम संस्था के साथ मिलकर उपरोक्त निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति का प्रयास करेंगे. आज इस समझौता पत्र पर सहमति बनाने में डॉ उत्तम जी, डॉ रविंद्र यादव जी, हरिदत्त शर्मा और आई. क्यू. ए. सी. के कनवीनर डॉ अनिरुद्ध भार्गव जी मौजूद रहे।

# डॉ. पूजा भारती बनी कटिहार मेडिकल कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर गाइनोकोलॉजिस्ट

## *एम एल सी डा.अजय कुमार सिंह सहित अन्यों ने दी बधाई*

**समाज जागरण बिहारीगंज/ पूर्णियां।**
मधेपुरा जिले के बिहारीगंज की बेहद लोकप्रिय स्त्री प्रसुति एवं बांझपन रोग , शल्य चिकित्सक विशेषज्ञ व पूर्णिया सदर अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी पद पर पदस्थापित डॉ. पूजा भारती को कटिहार मेडिकल कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर गाइनोकोलॉजिस्ट नियुक्त किया गया है. समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने इनकी नियुक्ति पर बधाई एवं शुभकामना व्यक्त किया. लोगों ने कहा कि उनके इस पद पर पहुंचने से चिकित्सा संबंधी आवश्यकता पड़ने पर क्षेत्र के लोगों को लाभ होगा. डॉ अजय कुमार सिंह विधान परिषद सदस्य ने मिलकर उन्हें बधाई एवं साधुवाद दिया
मालूम हो कि डॉ भारती स्व मदन बाबू की पुत्रवधू जाने-माने शिक्षक जितेंद्र कुमार यादव के पुत्री एवं डॉ मिथिलेश कुमार की पत्नी है
सांसद दिनेश चंद्र यादव,पूर्व मंत्री एवं



आलमनगर के विधायक नरेंद्र नारायण यादव, डॉ अलका सिंह, डॉ नृपेन्द्र नारायण सिंह, पूर्व मंत्री डॉक्टर रेनू कुशवाहा,भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलानुशासक टीएनबी कॉलेज अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष डॉ. रतन मंडल, पूर्व विधायक किशोर कुमार मुन्ना, इंटक जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, डॉ एस के संत, डॉ एके मिश्रा,प्राचार्य रविंद्र कुमार रमन, प्रभात कुमार सिंह, डॉ डीके सिन्हा, डॉ इंदु भूषण कुमार, डॉ संतोष कुमार यादव, डॉ संदीप कुमार सोनू,पूर्व प्रमुख जयप्रकाश सिंह, हाजी अब्दुल सत्तार, आदित्य नारायण यादव, रजनीश कुमार बबलू, पूर्व मुखिया विपिन कुमार, मधुबन मुखिया पूजा कुमारी ,देबेश सिंह, प्रशांत कुमार सिंह, मुखिया कुंदन कुमार सिंह, डॉ बिबेक भारती, प्रियाभारती, इंजिनियर मोनी, पंकज कुमार,आदि ने शुभकामना व्यक्त किया.

# वैदिक मंत्रोचारण व हवन के बीच तमकुड़ा पलासमनी सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में महाअष्टयाम संकीर्तन संपन्न

## *समाज में सुख शांति समृद्धि के लिए युवाओं के द्वारा किया गया आयोजन*

**समाज जागरण कुसार्कांटा**
सार्वजनिक दुर्गा मंदिर तमकुड़ा पलासमनी में महा अष्टयाम संकीर्तन का आयोजन किया गया।इसी कड़ी में पूर्व जिला परिषद् सदस्य वैद्यनाथ मिश्र ने बताया इस तरह के कार्यक्रम से युवाओं में आध्यात्मिक चेतना का विकास होता है।मेरा कोशिश रहेगा कि हर वर्ष इस तरह का कार्यक्रम होता रहे।अष्ट्याम महाकिर्तन समापन के दौरान ज्योतिषाचार्य उपेंद्र नाथ मिश्र व मंदिर के पुजारी श्री शशिनाथ झा ने वैदिक मंत्रोचारण के बीच यज्ञ



हवन के द्वारा महा अष्टयाम का समापन किया। महा अष्टयाम में मुख्य रूप से बिरबन , पगडेरा सहित स्थानीय समाज ने हरे राम हरे कृष्ण विभिन्न संगीतो के तर्ज पर प्रस्तुति दिया । कार्यक्रम में नारायण झा,विभूति झा,श्यामदेव झा,अशोक झा,अनिल झा,अनंत झा ,सुभाष झा, के साथ अनेक युवा अरुण, गुंजन, अभय,चंदन,राकेश,गोविंद, चंचल, प्रभाष, वरुण, मोहन,इत्यादि ने मुख्य भूमिका निभाई।

# जाप सुप्रीमों पप्पू यादव आज अररिया में,चिंतन शिविर को करेंगे संबोधित

**अररिया। समाज जागरण**
जाप सुप्रीमो माननीय पप्पू यादव जी दिनांक 12 मार्च 2023 रोज रविवार दिन के 12 बजे अररिया जैन धर्मशाला आ रहे हैं वे चिंतन शिविर को संबोधित करेंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए जन अधिकार पार्टी लोकतांत्रिक के प्रदेश महासचिव सह अररिया जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष सह बगुलाहा पंचायत के लोकप्रिय मुखिया प्रिंस भिक्टर ने कहा कि चिंतन शिविर की तैयारी पूरी कर ली गई है। जाप के विभिन्न इकाई के



कार्यकर्ता,पदाधिकारी इसमें शिरकत करेंगे। उन्होंने सभी साथियों से आग्रह किया कि समय पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं ।

# टी 20 क्रिकेट खिलाड़ी टीम के बीच एसडीएम ग्रुप ने बांटा बल्ला व गेंद वेस्ट खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**समाज जागरण अररिया।**
अररिया प्रखंड के किस्मत खवासपुर में पलासमनी बनाम पलासी के बीच क्रिकेट टूनामेंट का फाइनल मुकाबला हुआ।
एसडीएम ग्रुप के प्रतिनिधित्व कर रहे संतोष झा ने बताया कि युवाओं को खेल के प्रति आगे बढ़ाने तथा आपदा के समय मदद के लिए एसडीएम ग्रुप स्वच्छ व निष्पक्ष भाव व राजनीति से परे होकर काम करती है । माता पिता के नाम से संजय मिश्रा एसडीएम स्थापित कर ग्रुप विपत्ति के घड़ी लोगों के सहयोग को बढ़ाते हैं।
एसडीएम ग्रुप के निदेशक संजय मिश्रा ने युवाओं का हौसला बढ़ाने खेल सामग्री तेगछिया भेजकर लोगों के बीच उत्साह वर्धन कार्य किया।
तेगछिया क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित टी 20 क्रिकेट का फाइनल मुकाबला शुक्रवार को अररिया प्रखंड के पलासी बनाम कुसार्कांटा प्रखंड के पलासमनी टीम के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबला दिलवाले स्टेडियम तेगछिया स्कूल खेल मैदान में खेला गया। फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते पलासमनी टीम ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 186



रन का स्कोर खड़ा किया। जबाव में उतरे पलासी 171 रन पर आलआउट हो गया। इस तरह पलासमनी टीम के खिलाड़ियों ने 15 रन से टूनामेंट जीत कर सील्ड पर कब्जा जमा लिया। एंपायर की भूमिका में मृत्युंजय आनंद व गोपाल झा ने, कमेंटेटर के रूप में पुष्कर कुमार, गौरव कुमार व वार्ड सदस्य रंजीत कुमार तथा स्कोरर के रूप में संजीव कुमार व गोलू कुमार, मोनू का सराहनीय योगदान रहा। वही मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा, पूर्व मुखिया सह वर्तमान पैक्स अध्यक्ष सह वार्ड सदस्य उपमुखिया संघ के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार झा, सेवानिवृत्त फौजी सत्येंद्र नाथ झा, क्षेत्र संख्या 13 के जिप सदस्य प्रतिनिधि अजीत कुमार झा, जिप सदस्य आकाश राज, समाजसेवी नवीन आनंद, भाजपा पटेगना मंडल अध्यक्ष राजू कुमार साह उर्फ बमबम साह, लोजपा जिलाउपाध्यक्ष मनीष कुमार झा, भाजपा आईटी सेल के जिला अध्यक्ष राहुल कुमार झा आदि के द्वारा संयुक्त रूप से विजेता व उप विजेता टीम को शील्ड, कप, मेडल व अन्य उपहार से पुरस्कृत किया गया।

**एसडीएम ग्रुप ने विजेता उपविजेता टीम को किया सम्मानित**
शहर के जाने-माने बिजनेसमैन तथा समाजसेवी संजय मिश्रा जी के द्वारा संचालित एसडीएम ग्रुप अपने दायित्व के निर्वहन करते शनिवार को अररिया प्रखंड के किस्मत खवासपुर पंचायत के तेगछिया गांव में आयोजित क्रिकेट टूनामेंट के आयोजन में खेल सामग्री भेजकर विजेता उपविजेता टीम के खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया। संजय मिश्रा दायित्व का निर्वहन करते हुए ना केवल समाज को आईना दिखाया बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बन गए। मौके पर एसडीएम ग्रुप के प्रतिनिधित्व कर रहे पूर्व मुखिया सह वर्तमान पैक्स अध्यक्ष संतोष कुमार झा ने बताया कि स्वच्छ, शिक्षित, व हूंनरमंद समाज निर्माण तथा पीड़ितों का मदद एसडीएम संस्था का मूल मंत्र है। एसडीएम ग्रुप के निदेशक संजय मिश्रा तेगछिया में आयोजित क्रिकेट टूनामेंट में विजेता टीम कुसार्कांटा के पलासमनी तथा अररिया प्रखंड के पलासी टीम को गेंद व बल्ला देखकर सम्मानित किया। एसडीएम ग्रुप के इस दरियादिली कार्य से क्षेत्र के लोग खुशी जाहिर करते हुए बताया कि एसडीएम ग्रुप जिलेभर में अपने कार्यशैली से कामयाबी का परचम लहरा रहे हैं। आपदा के समय भी संस्था के डायरेक्टर संजय मिश्रा अग्नि पीड़ित परिवारों के बीच जाकर बगैर राजनीतिक समन्वय के परिवारों के बीच सूखा राशन, अंग वस्त्र देकर जिलेभर के लिए मिसाल बने हैं। वही युवाओं को खेल के प्रति मनोबल मनोबल बढ़ाने के लिए क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, लंबी दौड़, ऊंची कूद, हाई जंप आदि आदि खेल के प्रति जागरूक करते हुए विजेता, उपविजेता टीम को पुरस्कृत करते आ रहे हैं। जिसके कारण जिलेभर के युवाओं को खेल के प्रति आगे बढा रहे हैं। लोग एसडीएम ग्रुप के संस्थापक संजय मिश्रा जी का वाहवाही करते हैं।

# मंत्री जी के गांव सिकटिया बटराहा श्री श्री 1008 महाविष्णु यज्ञ को लेकर हुआ भूमि पूजन

## *पूजन कार्य विधायक विजय मंडल की उपस्थिति में मंत्री पुत्र मोहन ने किया वैदिक कार्य संपन्न*

**बटराहा समाज जागरण**
विधानसभा सिकटी प्रखंड कुसार्कांटा के ग्राम पंचायत राज सिकटिया बटराहा में बिहार सरकार के पूर्व राज्य मंत्री सह सिकटी के भाजपा विधायक विजय कुमार मंडल के पैतृक गांव स्थित जय मां लक्ष्मी स्टेडियम के प्रांगण में भव्य रुप से श्री श्री 1008 महाविष्णु यज्ञ का भूमि पूजन पूर्व राज्य मंत्री बिहार सरकार वर्तमान सिकटी के लोकप्रिय विधायक माननीय श्री विजय कुमार मंडल जी की उपस्थिति में भूमि पूजन कार्य संपन्न हुई। पूजा पर मंत्री पुत्र मोहन कुमार मंडल वैदिक मंत्रोच्चारण से विधि पूर्वक किया गया। इस मौके पर मौजूद सिकटिया पंचायत के पूर्व मुखिया जय कुमार मंडल कृष्ण कुमार मंडल पैक्स अध्यक्ष रमन कुमार वर्मा पंचायत समिति सदस्य पति परमानंद मंडल उमेश कुमार मंडल राकेश कुमार वर्मा अरुण लाल दास सीताराम मलिक संतोष ठाकुर विष्णु देव मंडल मनोहर मंडल अमित कुमार मंडल पंडित मनोज कुमार झा शत्रुघ्न मंडल इंदिरानंन्द मंडल देवधर मंडल शंभू



कुमार मंडल संजीत कुमार सिंह गुरुदेव सिंह अधिक लाल पासवान हरिदास सीताराम मंडल महेश कुमार मंडल प्रकाश कुमार मंडल जितेंद्र कुमार मंडल विक्की कुमार मंडल प्रमोद कुमार मंडल नवीन कुमार मंडल नीरज कुमार मंडल राजा कुमार मंडल जीवन कुमार मंडल रविंद्र कुमार मंडल हजारों शिव कुमार मल्लिक मुरली कुमार मंडल जोशी कुमार मंडल ललन कुमार मंडल शशि कुमार मंडल की संख्या में कार्यकर्ता समर्थक एवं श्री श्री 1008 महाविष्णु यज्ञ समिति के सभी सदस्य रहे मौजूद थे।

# 52 वीं वाहिनी एसएसबी अररिया ने चलाया नशा मुक्त भारत अभियान

अररिया। गृह मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में एवं श्री ब्रजेश सिकरवार कमांडिंग अधिकारी 52वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया के निर्देशन में दिनांक 11/03/2023 को 52वी वाहिनीं के सीमावर्ती गांव आमबारी के मिलन चौक से लेकर विभिन्न स्थानों पर नशा मुक्त भारत अभियान की रैली निकाली गई । जिसमें लोगो को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया और इससे दूरी बनाने के लिए प्रेरित किया गया । 52वी वाहिनी एसएसबी अररिया नशा मुक्त भारत अभियान लगातार सीमावर्ती इलाकों में भीं चला रही है। ताकि सीमा क्षेत्रों में रह रहे लोगों को नशे की बुरी लत से दूर रखा जा सके।

